सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority

अग्रहायण 02, मगंलवार, शाके 1943-नवम्बर 23, 2021

Agrahayana 02, Tuesday , Saka 1943- November 23, 2021

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

कार्यालय नगर विकास न्यास अलवर

अधिसूचना

अलवर, नवम्बर 17, 2021

संख्या 12811-12/21 :-राजस्थान नगर सुधार अधिनियम, 1959 के अधीन बनाये गये राजस्थान नगर सुधार (सामान्य) नियम, 1962 के नियम-4 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा-7 के अनुसरण में अधिसूचना क्रमांक प.10(23)नविवि/3/2011 दिनांक 04.05.2013 द्वारा अलवर के नगरीय क्षेत्र हेतु मास्टर प्लान-2031 राज्य-सरकार द्वारा अनुमोदन किया जाकर जारी किया गया था।

अधिसूचना क्रमांक प.10(23)नविवि/3/2011 दिनांक 04.05.2021 के द्वारा अलवर मास्टर प्लान-2031 का क्षितिज वर्ष 2051 तक बढाया गया हैं।

अलवर नगरीय क्षेत्र के जोनल डवलपमेन्ट प्लान "A, B, C, D, Y" तैयार कर सार्वजनिक विज्ञप्ति प्रकाशन के पश्चात न्यास बैठक दिनांक 29.09.2021 के द्वारा स्वीकृत किया गया। पूर्व में स्वीकृत मास्टर प्लान व स्वीकृत जोनल डवलपमेन्ट प्लान के अनुसार मास्टर प्लान में किये गए आंशिक संशोधन के संदर्भ में नगरीय विकास विभाग के पत्रांक प.10(23)नविवि/3/2011 दिनांक 09.11.2021 के द्वारा राजस्थान नगर सुधार अधिनियम 1959 की धारा-7 के अनुसरण में यह नोटिस दिया गया है कि अलवर के नगरीय क्षेत्र हेतु अनुमोदित मास्टर प्लान 2051 में प्रस्तावित संशोधन का अनुमोदन किया गया है।

उक्त मास्टर प्लान में किये गये संशोधन का अवलोकन नगर विकास न्यास की वैबसाईट www.uitalwar.rajasthan.gov.in व कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में अवलोकन किया जा सकता हैं।

डॉ. मंजु,

सचिव,

नगर विकास न्यास, अलवर ।

कार्यालय नगर विकास न्यास अलवर

अधिसूचना

अलवर, नवम्बर 17, 2021

संख्या 12811-12/21 :-राजस्थान नगर विकास न्यास (जोनल डवलपमेन्ट प्लान) नियम, 2021 के नियम-4 के अनुसरण में, यह सूचित किया जाता है कि अलवर नगरीय क्षेत्र के जोन "A, B, C, D, Y" को न्यास बैठक दिनांक 29.09.2021 के द्वारा स्वीकृत किया गया है। जोनल प्लान की प्रति नगर विकास न्यास, अलवर की वेबसाईट www.uitalwar.rajasthan.gov.in व कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में अवलोकन किया जा सकता है।

डॉ. मंजु,

सचिव,

नगर विकास न्यास, अलवर ।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।